# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 13 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 203 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



# प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का करेंगे भूमिपूजन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

धार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को मध्यप्रदेश आएंगे और धार जिले के बदनावर क्षेत्र में बनने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन कर प्रदेश को विकास की एक और सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि जहां देश के दूसरे राज्य पीएम मित्रा पार्क के लिए प्रारंभिक तैयारियां ही कर रहे हैं, वहीं मप्र में 25 अगस्त को इसका भूमिपूजन भी सम्पन्न होने जा रहा है। इस सौगात के लिए हमने केंद्र सरकार से निरन्तर समन्वय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क का निर्माण पूरा होने पर सम्पूर्ण मालवा क्षेत्र के विकास को नए पंख लगेंगे। धार जिले का यह क्षेत्र पीथमपुर की तरह अब दूसरा वृहद औद्योगिक केंद्र (इन्डस्ट्रियल हब) बनने जा रहा है। इस पार्क की स्थापना से पूरे मालवा क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा और करीब 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से स्थाई रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले का बदनावर क्षेत्र इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी एरिया का हिस्सा भी बनेगा। इससे इस क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन एरिया की सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। यहां अपना उद्योग स्थापित करने वाले सभी निवेशकों, उद्योग समूहों और कम्पनियों को फोर लेन रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार रात्रि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कमिश्नर इंदौर और कलेक्टर धार से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए धार आगमन एवं जनसभा से जुड़ी सभी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। पीएम मित्रा पार्क का निर्माण इस क्षेत्र के किसानों और श्रमिकों की जिंदगी बदलने का अवसर है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों को बिना किसी बाधा के सभा स्थल तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं। जनसभा स्थल पर बनाए गए वाटर प्रूफ डोम में व्हीव्हीआईपी के लिए मंच, डायस प्लान, प्रतिभागियों की बैठक, पेयजल आपूर्ति से लेकर सभी के प्रस्थान होने तक की सभी व्यवस्थाओं के नियोजन और प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों का सभी ओर से आगमन होगा। इसलिए सहज पहुंच मार्ग पर विशेष फोकस करें। वैकल्पिक मार्ग भी देख लें। मार्गों की आवश्यकतानुसार मरम्मत आदि भी करा लें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे कार्यक्रम की माइक्रो प्लानिंग कर लें। भूमिपूजन कार्यक्रम एवं जनसभा आयोजन का मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। यहां रोजगार आधारित उद्योगों की स्थापना से क्षेत्र को मिलने वाले लाभों के बारे में नागरिकों को तथ्यपरक जानकारियां उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने इंदौर और उज्जैन संभाग के कमिश्नर्स एवं सभी कलेक्टर्स को आपसी समन्वय और योजनाबद्ध रूप से काम कर भूमिपूजन कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स से कहा कि पीएम मित्रा पार्क बनने पर बड़ी तादाद में कुशल श्रमशक्ति की आवश्यकता होगी। इसलिए मालवा क्षेत्र के सभी जिलों में कारीगरों/बुनकरों के लिए ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट या स्किल डेवलपमेंट सेंटर प्रारंभ कराने के लिए अभी से प्रयास करें। पार्क में काम करने के लिए भारी संख्या में आने वाली श्रमशक्ति के आवास-निवास के लिए भी अभी से काम प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की चारों दिशाओं से कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयास करें। बदनावर से थांदला रोड एनएचएआई द्वारा मंजूर कर ली गई है। इस रोड से पार्क एरिया को सीधी कनेक्टिविटी मिल जायेगी। पीएम मित्रा पार्क क्षेत्र से उज्जैन में बनने वाले एयरपोर्ट की दूरी मात्र 70 किमी है। इस क्षेत्र को इंदौर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी कनेक्टिविटी मिलेगी। वर्तमान में रतलाम से भी रोड कनेक्टिविटी उपलब्ध है। भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए सीमावर्ती जिलों से समन्वय किया जा रहा है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह श्री जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित आयोजन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम मित्रा पार्क - देश का अगला टेक्सटाईल हब

धार में स्थापित होने वाला पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (PM MITRA) पार्क, भारत को वैश्विक वस्त्र महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहा है। करीब 2,158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला और 2,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाला यह पार्क अत्याधुनिक अधोसंरचना, सतत् विकास और रणनीतिक नीति समर्थन के माध्यम से टेक्सटाइल हब बनने की ओर अग्रसर है। "फार्म से फाइबर से फैक्ट्री से फैशन से फॉरेन" की दूरदर्शी 5F (फाईव एफ) की अवधारणा पर आधारित यह पार्क लगभग तीन लाख रोजगार का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। पीएम मित्रा पार्क को राज्य प्राधिकरण द्वारा ग्रीनफील्ड परियोजना के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज, जलापूर्ति प्रणाली, अपशिष्ट प्रबंधन और सीवेज संग्रह, 220 केवीए सब-स्टेशन, SCADA-नियंत्रित यूटिलिटीज और सुव्यवस्थित स्ट्रीट लाइटिंग और सुविधाएं जैसी आधुनिक ट्रंक अवसंरचना भी शामिल हैं। मजबूत सहायक अधोसंरचना में 20 एमएलडी की कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी), श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास, 10 एमवीए सौर ऊर्जा संयंत्र और 95,750 वर्गमीटर क्षेत्र में फैली 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा दो केंद्रीकृत स्टीम बॉयलर और पाइपलाइन नेटवर्क भी उद्योग इकाइयों में होंगे।

पार्क की वर्तमान प्रगति

राज्य सरकार और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ "पीएम मित्रा पार्क मध्यप्रदेश लिमिटेड" नामक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन किया गया। पार्क में निवेश के लिए 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के इंटेंशन-टू-इन्वेस्ट प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही, इंडियन कॉटन फेडरेशन, साउदर्न इंडिया मिल्स एसोसिएशन, तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन और टैक्सटाइल मर्चेंट एसोसिएशन, दुबई जैसी प्रमुख औद्योगिक संस्थाओं के साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे पार्क के इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया जा सके। यहां निर्माण गतिविधियां तेजी से चल रही हैं, जहां 60 प्रतिशत साइट लेवलिंग और पार्क के मुख्य द्वार का निर्माण पूरा हो चुका है। राज्य राजमार्ग-18 से करीब 1.4 किमी लंबी छह लेन की सम्पर्क सड़क, बदनावर से 220 के.व्ही. की पावर लाइन और माही डैम से 20 एमएलडी जलापूर्ति योजना जैसी प्रमुख बाहरी परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। पार्क को "ग्रीन रेटिंग" प्राप्त करने के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग कॉउंसिल के साथ परामर्श भी किया जा रहा है। पार्क की मंजूरी पार्क के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) द्वारा म.प्र. औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया। राज्य सरकार के सतत् प्रयासों, निवेशक मित्र नीतियों और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ यह पार्क भारत के वस्त्र उद्योग के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# चार हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों रिश्वतखोर अधीक्षक पकड़ाया-लोकायुक्त इंदौर की ट्रैप कार्रवाई

महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त इंदौर इकाई ने मंगलवार को खंडवा में बाल सम्प्रेषण गृह के अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।



आवेदिका श्रीमती ज्योति पाल (48), निवासी रतागढ़, हरसूद नाका, खंडवा - बीते चार वर्षों से बाल सम्प्रेषण गृह में भोजन बनाने का काम कर रही हैं। जून और जुलाई 2025 का वेतन लंबित था। आरोपी हरजिंदर सिंह अरोरा (59), अधीक्षक, बाल सम्प्रेषण गृह खंडवा (मूल विभागः महिला एवं बाल विकास), निवासी पंजाब कॉलोनी, खंडवा। घटना- आवेदिका ने बताया कि वेतन जारी करने के बदले अधीक्षक ने 2,000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 4,000 रुपये रिश्वत की मांग की और रकम न देने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी। शिकायत लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक (विपुस्था) श्री राजेश सहाय के पास दर्ज कराई गई। सत्यापन में आरोप सही पाए गए।

कार्रवाई- 12 अगस्त 2025 को गठित ट्रैप दल ने अधीक्षक अरोरा को आवेदिका से 4,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई जारी है।

ट्रैप दल- कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास, कार्यवाहक निरीक्षक प्रतिभा तोमर, आरक्षक विजय कुमार, कमलेश परिहार, आशीष नायडू, चेतन सिंह परिहार, कमलेश तिवारी और चालक शेरसिंह ठाकुर।

## रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा व्यापारी एसोसिएशन ने विधायक रमेश मेंदोला को दिया निमंत्रण पत्र




इंदौर। रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा क्षेत्र के विधायक रमेश मेंदोला जी को वरिष्ठ व्यापारी विकी कॉलोनी जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिला। राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा में गेट पर झंडा वंदन के प्रोग्राम में बात और मुख्य अतिथि का निमंत्रण कार्ड दिया गया। इस अवसर पर रमेश मेंदोला जी द्वारा विक्की कलानी को पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। मुख्य रूप से संदीप वासुदेव उमेश डेबला कमल सियोल चर्चित गर्ग हीरालाल केमे स्वतंत्र पत्रकार राजेंद्र मालवीय उपस्थित थे। उक्त जानकारी संगठन के बख्शी राम जैन ने दी। बख्शी राम जैन ने बताया कि 15 अगस्त शुक्रवार को रेडीमेड कमलेश परदेसी पुरा में सुबह 10:00 बजे झंडा वंदन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि कैलाश जी विजयवर्गी कैबिनेट मंत्री रमेश जी मेंदोला लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रमांक 2 श्रीमती विनीता धर्मेंद्र मौर्य वार्ड 23 पार्षद राज कपूर सुनहरे पूर्व पार्षद रमेश जैन समाजसेवी विक्की कलानी पूर्व अध्यक्ष रहेंगे।

## किसानों के उत्थान के लिए भारतीय किसान संघ का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**संजय प्रेम**

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के प्रशिक्षण वर्ग हाटपिपलिया तहसील के ग्राम कावड़िया जूनापानी मंदिर परिसर में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया सर्वप्रथम मां भारती एवं भगवान बलराम के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर पूजन किया गया एवं ध्वजारोहण किया गया इसके पश्चात भारतीय किसान संघ के प्रांत जिला पदाधिकारी को तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर उनका अभिवादन किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या प्रांत ,प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार सम्भाग सहमंत्री बहादूरसिह राजपूत जिला अध्यक्ष हुकम पटेल के सानिध्य में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण किया गया।

सर्वप्रथम प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों का किसानों द्वारा चलाए जाने वाले गेर राजनितिक राष्ट्र वादी एवं राष्ट्र व्यापी संगठन है राष्ट्र रिषि माननीय दत्तोपंत ठेंगड़ी ने कोटा शहर में 4 मार्च 1979 को संगठन की स्थापना की थी। ग्राम समिति संगठन की मुख्य इकाई है तथा किसान उत्थान से ही राष्ट्रीय उत्थान हो सकता है जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने कहा की हमारा संगठन तीन आयामो पर काम करने वाला संगठन है संगठनात्मक, रचनात्मक, एवं आंदोलनात्मक किसानों का संगठन बनाना उन्हें अपने हक एवं अधिकार के लिए सजग करना । रचनात्मक काम में स्वच्छता , शिक्षा,पोंधे लगाना,ब्लड डोनेट, करना, नदी नाले की सफाई करना, जैविक खाद बनाना ,बीज बनाना ,। किसानों के उपर कही समस्या आये तो धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन,रैली,घेरा डालो डेरा डालो, एवं तालाबंदी करना आदि। प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार ने कहा देश है तो हम हैं हमारा राष्ट्र हित की भावना से काम करने वाला संगठन है संस्थापक राष्ट्र रिषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन, ग्राम समिति के कार्य क्या-क्या है हमारे इष्ट देवता भगवान बलराम है हमारा ध्वज भगवा रंग का है हमारी रिति निति करनी कथनी में अंतर ना हो,जैसा बोले वैसा करे । राकेश जाट अपने संबोधन में गोपाष्टमी गौ माता की पूजन बलराम जयंती महत्व बताएं एवं गौ आधारित खेती से ही समाज एवं राष्ट्र का उत्थान



संभव है केदार मल पाटीदार, बहादुर सिंह राजपूत ने सम्बोधित किया । सत्र के बाद पोधा रोपण किया गया इस अवसर पर नारायण मंडलोई तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव ओमप्रकाश पाटीदार, हरिष मंडलोई गोकुल सिंह चौहान अनिल पाटीदार, सतीष प्रजापती राजपाल इस अवसर पर एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चाकू से वार कर जानलेवा हमला करने वाले 02 आरोपियो को पुलिस थाना भँवरकुआ ने 24 घण्टे में किया गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । पुलिस थाना भँवरकुआं द्वारा चाकूबाजी कर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को पकड़ा गया घटनाक्रम - विदित हो कि पूर्व में दिन को फरियादियो का आरोपियो से विवाद हुआ था जिसमें प्रभू डाबर की कार का काँच टूट गया था उसी बात को लेकर को आरोपी अपने साथियो के साथ बलेनो कार से आकर फरियादी के साथी संजू बघेल को मारने हेतु ढूँढ रहा था, तो मजरुह गोपाल व्दारा बोला कि तुम भाग जाओ में बात करता हूँ संजू बघेल के चले जाने पर समझाने गये फरियादी शिवम यादव व मजरुह गोपाल पाटिल को ही चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया, जिन्हे थाना से तत्काल इलाज हेतु भेजा गया । फरियादी घटना की रिपोर्ट पर से थाना भँवरकुआ इंदौर पर अपराध का पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया । पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन-4 डॉ. ऋषिकेश मीणा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन- 4 दिषेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस उपायुक्त जूनी इन्दौर विजय चौधरी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार थाना प्रभारी भँवरकुआ ने नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त घटना के आरोपीयो की गिरफ्तारी करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम ने दबिश के दौरान बिलावली तालाब के पास पाल से इंदौर फरार आरोपीयो को पकडा जिनका नाम पता पूछने पर प्रभू सिह डाबर संतोष सिंह डाबर बताया जिन्हे गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 02 चाकू व MP09DD0313 कार बरामद की गई। आरोपियो के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं तथा अन्य आरोपियो के संबंध में पूछताछ की जा रही है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भँवरकुआं निरीक्षक राजकुमार यादव, सउनि रोशन भूरिया, आर. विनीत राजपूत, शैलेन्द्र, रविकांत, शिवपाल , जीवन सोलंकी,सायबर सेल से आर.2गौरव, अरविन्द की सराहनीय भूमिका रही ।

## दिनारा मेले में कुश्ती दंगल का आयोजन

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अध्यक्ष ब्राह्मण समाज करेरा पंडित राजेश दुबे भोला महाराज

कुश्ती जीतने पर अध्यक्ष भोला महाराज द्वारा दी गई इक्कतीस हजार रुपए की राशि

सुनील नगेले



शिवपुरी।करेरा अनुभाग के दिनारा में श्री श्री 1008 गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर श्रावण महीने में भुजरियों के दिन से 17 वर्षों से चल रहे मेले में हर वर्ष की भातीं इस वर्ष भी कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन दिनारा दंगल मेला प्रभारी श्री मति टीनू नीटू दुबे जनपद सदस्य सरपंच प्रतिनिधि की देखरेख में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे करेरा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज पंडित श्री राजेश दुबे भोला महाराज द्वारा अखाड़ा का भूमि पूजन कर पहलवानों की कुश्ती शुरू कराई दंगल प्रतियोगिता में शिवपुरी झांसी बबीना दतिया ग्वालियर भिंड करेरा दिनारा अंचल सहित अन्य जगह से भी पहलवान एकत्रित हुए दिनारा एवं आसपास के छोटे छोटे पहलवानों की भी एक दर्जन के लगभग कुश्ती हुई जिसमें कुछ जीते तो कुछ बराबर हुए । मुख्य अतिथि भोला महाराज द्वारा बड़े पहलवानों को दंगल में कुश्ती के लिए हाथ मिलवाया गया कुश्ती दंगल में जीतने वाले पहलवान को अपनी तरफ से इक्कतीस हजार की राशि दी । मुख्य अतिथि भोला महाराज के साथ कार्यक्रम में मंचासीन रहे पंडित श्री नीटू दुबे दंगल प्रभारी पंडित श्री बिपिन शर्मा उपाध्यक्ष ब्राह्मण समाज करेरा पंडित श्री चंद्रशेखर शर्मा मुख्य कार्यकारणी सदस्य पंडित श्री देवेंद्र शर्मा सह कोषाध्यक्ष ब्राह्मण समाज करेरा पंडित श्री अखिलेश दुबे वरिष्ठ पत्रकार मीडिया प्रभारी ब्राह्मण समाज करेरा पंडित श्री संतोष शर्मा सहित अध्यक्ष महोदय के सुपुत्र पंडित श्री प्रिंस दुबे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सहित सभी लोगों का दंगल प्रभारी नीटू दुबे द्वारा तिलक लगाकर एवं फूल माला पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता कराने के लिए रेफरी के रूप में दारासिंह पहलवान राकेश पहलवान बीर पहलवान सहित मेले की व्यवस्था देखरेख के लिए दिनारा पुलिस प्रशासन की भी उपस्थिति रही।

# विधवा का पीएम आवास तोड़ा गया, परिवार बेघरः क्या सरकारी योजनाओं में भी गरीबों के लिए न्याय नहीं?

सुनील नगेले



शिवपुरी। कोर्ट के आदेश पर विधवा का पीएम आवास तोड़ा गया, जिससे परिवार बेघर हो गया। यह घटना शिवपुरी की संजय कॉलोनी में हुई, जहां ममता विश्वकर्मा का मकान कोर्ट के आदेश पर तोड़ दिया गया। ममता अपने पांच बच्चों (चार बेटियां और एक बेटे) के साथ रहती हैं और सिलाई का काम करके परिवार का भरण-पोषण करती हैं। इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं, जिन पर प्रशासन और सरकार को ध्यान देना जरूरी है।

घटना का विवरण

* शिकायतः पड़ोस में रहने वाली संगीता खटीक ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी कि ममता का मकान रास्ते और सरकारी जमीन पर बना है।

* कोर्ट का फैसलाः कोर्ट ने संगीता खटीक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मकान को हटाने का आदेश दिया।

* पीड़िता का पक्षः ममता विश्वकर्मा का कहना है कि उनके पति ने यह जमीन 80,000 में बैजनाथ प्रसाद पांडेय से खरीदी थी। इसी जमीन पर उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत मकान बनवाया था

* पारिवारिक स्थितिः ममता के पति का निधन हो चुका है और वह सिलाई करके अपने पांच बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। उनकी बड़ी बेटी की शादी दो महीने बाद होनी थी।

* कार्रवाई का परिणामः मकान गिराए जाने के दौरान ममता का बेटा सदमे में बेहोश हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पूरा परिवार बेघर हो गया और गहरे सदमे में है।

उठाए गए सवाल

* पीएम आवास की स्वीकृतिः अगर जमीन सरकारी थी, तो पीएम आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि कैसे स्वीकृत हुई? क्या सरकारी अधिकारियों ने जमीन की जांच-पड़ताल नहीं की?

* अधिकारियों की जवाबदेहीः इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की जाएगी?

* न्याय की मांगः एक तरफ कोर्ट का आदेश है, तो दूसरी तरफ एक बेसहारा महिला का परिवार सड़क पर आ गया है। इस स्थिति में न्यायपालिका और प्रशासन को क्या रास्ता निकालना चाहिए?

* राजनैतिक हस्तक्षेपः क्या इस मामले में राजनैतिक हस्तक्षेप की जरूरत है ताकि बेघर हुए परिवार को फिर से बसाया जा सके? यह घटना एक महिला और उसके बच्चों के लिए एक भयानक त्रासदी है। यह एक ऐसा मामला है जो गरीबों के लिए न्याय और सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रशासन को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले शिवपुरी में तिरंगा यात्राः स्कूली बच्चों समेत कलेक्टर, एसपी, विधायक हुए शामिल, 15 अगस्त तक जारी रहेगा अभियान

स्वतंत्रता दिवस से पहले मंगलवार को शिवपुरी शहर पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान और भाजपा के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शहर में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। जगह-जगह देशभक्ति के गीत गूंजे और तिरंगे के रंग में पूरा शहर डूबा नजर आया।

प्रशासन ने पोलो ग्राउंड से निकाली यात्रा

सुबह जिला प्रशासन की ओर से पोलो ग्राउंड से तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें विधायक देवेन्द्र जैन, कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित कई अधिकारी, पुलिस, एनसीसी, एनएसएस, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर वापस पोलो ग्राउंड पहुंची।



भाजपा ने गांधी पार्क से निकाली यात्रा

दोपहर में भाजपा ने गांधी पार्क से हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा शहर के कई प्रमुख रास्तों से होकर तात्या टोपे स्मारक पर खत्म हुई। यात्रा के दौरान लोग तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाते रहे। नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नारे लगाते रहे। नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कीं। भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि हर नागरिक को देशभक्ति के रंग में रंगना चाहिए और अपने घर पर तिरंगा फहराना चाहिए। इन तिरंगा यात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस का जोश और बढ़ा दिया।

# जन्माष्टमी की शोभायात्रा के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेता आए एक जाजम पर 8 झांकियां रहेंगी शामिल

## पाटनीपुरा स्थित हलकाईबाई यादव मांगलिक भवन पर हुई बैठक में शहर के 20 प्रमुख यादव अहीर संगठन हुए शामिल

**रणजीत टाइम्स**



इंदौर। यादव अहीर समाज के सभी प्रमुख संगठन इस बार शनिवार, 16 अगस्त को अपने कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहा से विशाल शोभायात्रा निकालेंगे।

शोभायात्रा के साथ भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित आठ मनोहारी झांकियां भी आकर्षण एवं श्रद्धा का केन्द्र रहेंगी। ये झांकियां यादव अहीर समाज के अलग-अलग संगठन बना रहे हैं, जिनमें कहीं माखन चोरी, कहीं कालियादेह मर्दन, कहीं रासलीला और कहीं बाल्यकाल की गोपालन से जुड़े प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। जुलूस बड़ा गणपति चौराहा से चिमनबाग स्थित श्रम शिविर तक निकलेगा। पाटनीपुरा स्थित हलकीबाई यादव मांगलिक भवन पर प्रमुख यादव अहीर संगठनों की बैठक नगर निगम सभापति मुन्नालाल यादव, समाज के संरक्षक दीपू यादव, केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष ओंकार यादव, समाजसेवी आईपीएस यादव, इंविप्रा के पूर्व उपाध्यक्ष हरिनारायण यादव, पूर्व पार्षद के.के. यादव एवं छोटे यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें शोभायात्रा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व सभापति शंकर यादव, भाजपा के युवा नेता अंकित यादव बब्बू, पूर्व पार्षद रमेश यादव उस्ताद, बीएसएफ के पूर्व आईजी अशोक यादव, सांई भक्त प्रदीप यादव, रामसमुझ यादव सहित शहर के 20 प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रमेश यादव कल्लन, यादव महासभा के सुभाष यादव, सदाशिव काका, भाजपा नेता सुभाष यादव आदि ने किया। बैठक में शोभायात्रा के दौरान नियुक्त किए गए यात्रा प्रभारी बंटी यादव, अक्षय यादव, अमन यादव आदि का भी स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होने देने के लिए 21 कार्यकर्ता पूरे समय तैनात रहेंगे। स्वागत मंच भी इस ढंग से लगाए जाएंगे कि यातायात बाधित न हो। बैठक में मुख्य रूप से मातृशक्ति की ओर से श्रीमती राधा यादव, रेखा यादव, सुषमा यादव एवं अंजना यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य समाजबंधु मौजूद थे, जिन्होंने संकल्प किया कि इस बार जन्माष्टमी महोत्सव की यात्रा पूरी धूमधाम से निकाली जाएगी। यह निर्णय भी लिया गया कि अन्य कोई संगठन यदि 16 अगस्त को कोई अन्य कार्यक्रम रखेंगे तो उसका आयोजन शाम 5 बजे के बाद रखेंगे और उसमें शहर के अन्य सभी यादव अहीर संगठनों के प्रतिनिधियों और वरिष्ठ बंधुओं को भी आमंत्रित करेंगे। यह पहला अवसर था, जब यादव अहीर समाज के भाजपा और कांग्रेस से जुड़े लगभग सभी प्रमुख नेता जन्माष्टमी महोत्सव के लिए एक जाजम पर जमा हुए।

# पृथ्वी से उत्पन्न हुए "शिव"

## शिव भक्तों ने जलाभिषेक के साथ लगभग 7000 वर्ष पूर्व रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्रोत की स्तुति दी



### आर्च कॉलेज जयपुर में "शिव पार्थिव अर्चन महोत्सव" आयोजित

**रणजीत टाइम्स**

जयपुर । भगवान शिव भोलेनाथ के प्रिय पवित्र सावन मास में सनातन हिंदू धर्म संस्कृति प्रमपरा को समर्पित शुभ विचार संस्था के तत्वावधान में आर्च कॉलेज ऑफ़ डिजाइन एंड बिजनेस जयपुर द्वारा " शिव पार्थिव अर्चन महोत्सव "आयोजित किया गया । महोत्सव में भगवान शिव परिवार की विशेष स्थापना मिट्टी द्वारा की गई, जिस के समक्ष बैठकर शिव जी के सेकड़ो युवा भक्तों ने लगभग 7000 वर्ष पूर्व रामायण काल में रावण द्वारा रचित " शिव तांडव स्रोत " मह्तृंजय ,एक हज़ार शिवमंत्र और वैदिक मन्त्रों के साथ रुद्राभिषेक के साथ कई प्रस्तुतिया भोलेनाथ को समर्पित की गई । इस दौरान शिव जी का जलाभिशेखा भी भक्तों द्वारा किया गया,आर्च कॉलेज की संस्थापक अर्चना सुराणा,शुभ विचार के संस्थापक जीतेंद्र शर्मा ने मुख्य यजमान का कार्य किया पंडित आशीष जोशी के साथ संस्कृत के 8 पंडितो ने जजमान के रूप वैदिक मंत्रों द्वारा शिव पूजा अर्चना पूरी करवाई । शिव पूजा के समापन में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।आयोजन जयपुर के मालवीय नगर स्थित आर्च कॉलेज ऑफ़ बिजनेस एंड डिजाइन के सभागार मे सांय 3 से 6 बजे आयोजित हुआ ।

# तरुण परिषद द्वारा चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**रणजीत टाइम्स**



राणापुर । युग प्रभावक श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी की 100 वि मासिक पुण्य तिथि 15 अगस्त के अवसर पर तपोनिष्ठ मुनिराज श्री सुमंत्रसागर जी की प्रेरणा से 6 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री राजेंद्र भवन में किया गया। शुभारंभ दिलीप सकलेचा, हसमुख जी सोनी,पवन एम अग्रवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा ऐव योगी ठेकेदार ने गुरुदेव के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। अवि,हर्षित ओर ईशान ने अतिथियों ओर चिकित्सकों का सम्मान किया।

# स्व. श्रीमती कोकिलाबेन संघवी को 'समाज गौरव रत्न' की उपाधि से नवाजा

जैन श्वेता.श्री संघ की ओर से स्व. श्रीमती संघवी के पुत्र सौरभ संघवी को अभिनंदन-पत्र भेंट किया गया

**रणजीत टाइम्स**



झाबुआ। श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में चातुर्मास अंतर्गत गुरू मंदिर हॉल में साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा के धर्मसभा में प्रवचन हुए। बाद बावन जिनालय के गुरू मंदिर हॉल में आयोजित भावानजलि सभा में श्री संघ की वरिष्ठ सुश्राविका स्व. श्रीमती कोकिलाबेन संघवी के जीवन पर साध्वीश्री एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा प्रकाश डालते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ की ओर से स्व. कोकिलाबेन को 'समाज गौरव रत्न' की उपाधि से नवाजते हुए उनके पुत्र सौरभ संघवी को उक्ताशय का अभिनंदन-पत्र प्रदान किया गया। जानकारी देते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि बावन जिनालय स्थित गुरू मंदिर हॉल में स्व. श्रीमती कोकिलाबेन संघवी के आत्म श्रेयार्थ श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। जिसमें साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी मसा ने बताया कि स्व. कोकिलाबेन श्री संघ के वरिष्ठ श्राविका होकर हमेशा धर्म-कर्म में लीन रहती थी। समाज में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। साध्वी श्री कल्पलता श्रीजी मसा ने कहा कि स्व. कोकिलाबेन संधारा धारिका होकर एक उच्च कोटी की श्राविका थी। आपने अपने जीवनकाल में नित्य देवदर्शन, प्रतिक्रमण, श्री नमस्कार महामंत्र का जाप एवं साधु-साध्वी भगवंतों के प्रवचनों का श्रवण एवं दर्शन-वंदन से अपने जीवन को धन्य बनाया। साध्वी श्री अनुभवदृष्टा श्रीजी मसा ने बताया कि आपका समाज के लिए विशेष योगदान के साथ धर्म के प्रति विशेष लगाव था । इस दौरान श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, तेजप्रकाश कोठारी वरिष्ठ सदस्यों में यशवंत भंडारी, प्रकाश कटारिया, राजेश मेहता, अंतिम जैन, अनिल रूनवाल, कमलेश कोठारी, मुकेश लोढ़ा, मुकेश रूनवाल, नरेन्द्र संघवी,प्रतीक मोदी अर्पित संघवी आदि ने स्व. कोकिलाबेन के पुत्र सौरभ संघवी को 'समाज गौरव' रत्न का अभिनंदन प्रदान कर समाज हित में उनके योगदान को सराहा।

# "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता" अभियान के तहत इंदौर पुलिस ने स्कूल के बच्चों एवं युवाओं के साथ मिलकर निकाला, तिरंगा मार्च पास्ट

**रणजीत टाइम्स**



**इंदौर । हमारे देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव व सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए, और स्वतंत्रता का ये महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बनें इसी को ध्यान में रखते हुए देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोडने और उन्हें देश की आजादी व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार, "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान" का आयोजन 11 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है।**

इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इंदौर पुलिस द्वारा विभिन्न संगठनों आदि के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) प्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया, रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटील व खेल एवं युवक कल्याण विभाग के पदाधिकारियों एवं अन्य पुलिस अधिकारियों सहित, पीटीसी इंदौर के प्रशिक्षु नव आरक्षकों विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित करीब 1200 लोगो के साथ में इन्दौर पुलिस ने एक तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट निकाला गया, जिसें डीसीपी हेडक्वार्टर प्रकाश परिहार ने हरी झंडी देकर रवाना किया । इस अवसर उन्होंने सभी से कहा कि देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोडने और उन्हें देश की आजादी के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे उक्त अभियान की उद्देश्य पूर्ति हेतु ही हम सब यहां इकट्ठे हुए है। तो हम सभी ये संकल्प ले कि, हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर अपने घरों पर पूरे गर्व व सम्मान के साथ फहराएं और पूरे हर्षोउल्लास और स्वच्छता का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय पर्व मनाएं। उक्त तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट डीआरपी लाईन इंदौर से शुरू होकर, नगर निगम चौराहा, कृष्णापुरा छत्री होते हुए राजवाड़ा पर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों व स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा थामकर देश प्रेम के नारों के साथ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने एवं इस तिरंगा अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें इसके लिए ये जागरूकता यात्रा पूरे जोश उत्साह के साथ निकाली गई और लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं।

---

# मुनि श्री सुधा सागर जी म. सा से 2026 का वर्षायोग चातुर्मास इंदौर में करने का निवेदन

**रणजीत टाइम्स**



इंदौर । जिन शासन के शेर परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्व जैन संगठन जिनशासन एकता संघ एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू, पवन जैन, मोदी नितिन जैन,श्रीमती सविता जैन, श्रीमती मुक्ता जैन ने अशोक नगर में विराजित मुनि संसघ से मुलाकात कर 2026 का वर्षायोग चातुर्मास मां अहिल्या की नगरी इंदौर में करने का निवेदन करते हुए कहा कि इंदौर नगर की जनता आप के मंगल मय आगमन के लिए पलकों की कालीन बिछाए आप की संसघ अगवानी की राह देख रहा है। परम पूज्य गुरुदेव ने अपनी मधुर मुस्कान शेली में आशीर्वाद प्रदान किया।

# "विद्यार्थियों को करियर की नई दिशा-आर्ट्स के महत्व पर डॉ. जैन के विचार"



**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। इनर व्हील क्लब ऑफ झाबुआ शक्ति एवं केशव इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मौसमी चक्रवर्ती ने किया, जबकि अतिथि परिचय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शालू जैन ने कराया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा निर्मित पुष्पगुच्छ से किया गया। मुख्य वक्ता मंदसौर से पधारे शिक्षाविद् एवं करियर काउंसलर डॉ. रजत जैन ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्ट्स विषय में भी अनेक अवसर उपलब्ध हैं, लेकिन छात्र प्रायः इस धारा को नजरअंदाज कर देते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी क्षमता पहचानें।

कार्यक्रम में विद्यालय की संचालिका निधिता जी रुनवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब शक्ति की अध्यक्ष डॉ. शैलु बाबेल, पूर्व अध्यक्ष निक्की जैन, हंसा कोठारी, सोनम गाडिया, श्वेता जैन, श्रद्धा जैन, पूजा शाह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शारदा समूह संचालक के श्री ओमजी शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे करियर मार्गदर्शन सत्र विद्यार्थियों को सही दिशा में आगे बढ़ने में सहायक होते हैं।"

# “राजगढ पुलिस को डकेती व डकेती की तैयारी करने वाले आरोपियों को पकडने में मिली सफलता ”

**रणजीत टाइम्स**

**राजगढ़ । राजगढ पुलिस को मुखबिर द्वारा सुचना मिली की कुछ अज्ञात बदमाश माछलिया घाट पुलिया के नीचे डकेती करने या किसी वारदात को अंजाम देने के लिये तैयारी कर रहे हैं व छुपकर बैठे हैं, जिस पर पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह जिला धार, अति. पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में राजगढ थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में उक्त सूचना की तस्दीक हेतु एक टीम घटित की गयी ।**

टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पंहुचा कर तस्दीक करते देखा तो कुछ लोक पुलिया की आड में इंदौर अहमदाबाद रोड पर आने जाने वाहनों को रोड पर पत्थर रखकर वहन रोकर लोगो की आंखों में मिर्च पावडर डाकर लूट करने की योजना बना रहे थे, जिनको पुलिस द्वार घेराबंदी कर पकडने पर 03 बदमाशों को पुलिस द्वारा पकडा गया व 02 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये । पकडे गये बदमाशों से रात्रि में पुलिया के नीचे बैठकर जमा होने के संबधं में पुछताछ करते कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया । पकडे गये बदमाशों को चैक करते उनके पास से एक होण्डा शाईन मोटर सायकल किमती 50000 रूपये, एक लोहे का फालिया किमती 200 रूपये, एक पीस्टल व एक जिंदा कारतूस किमती 20000 रूपये, लाल मिर्च पावडर किमती 10 रूपये, दो




पानी की खाली बाटल किमती 100 रू जप्त किये गये व पकडे गये बदमाशों का नाम पता पुछते उनके द्वारा 1-. केनसिंह उर्फ खेलसिंह पिता धन्ना पणदा उम्र 40 साल निवासी बडा माछलिया थाना कालीदेवी जिला झाबुआ 2- सोहन पिता शोभान वास्केल उम्र 42 साल निवासी बडा माछलिया थाना कालीदेवी जिला झाबुआ 3- कलमसिंह पिता केशु अलावा उम्र 25 साल निवासी ग्राम कालीदेवी थाना टांडा का होना बताया व भागने वाले बदमाशों का नाम पता पुछते 1- मुकेश पिता धुंधर अलावा निवासी ग्राम कालीदेवी थाना टांडा 2- मेहरू पिता खेलू अलावा निवासी ग्राम कालीदेवी थाना टांडा के होना बताया ।

आरोपियों द्वारा डकेती करने की योजना बनाने पर आरोपियों से उक्त नगदी, मोटर सायल, लोहे का फलिया, मिर्च पावडर व पानी की बाटल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया । थाने पर आरोपियों से कढायी से पुछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया कि आरोपियों द्वारा पूर्व में दिनांक 03.08.2025 को प्रातः 08.00 बजे के लगभग बकरा बकरी खरिदने वाले फरकान खान व उसके अन्य चार साथियों के साथ भी लूट कर नगदी 66000/- रूपये लूट कर भाग गये थे । आरोपी सोहन पिता शोभान वास्केल निवासी बडा माछलिया थाना कालीदेवी जिला झाबुआ ने वर्ष 2009 में डकेती की घटना की थी तभी से आरोपी फरार था व पुलिस को वर्ष 2009 से आरोपी की तलाश थी । आरोपी का एक स्थाई वारंट भी जारी हैं । आरोपी केनसिंह उर्फ खेलसिंह पिता धन्ना पणदा निवासी बडा माछलिया थाना कालीदेवी जिला झाबुआ ने वर्ष 2019 में डकेती की घटना की थी तभी से आरोपी फरार था व पुलिस को वर्ष 2019 से आरोपी की तलाश थी तथा आरोपी का एक स्थाई वारंट भी जारी हैं । आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धार द्वारा 5000/- रूपये के ईनाम की घोषणा की गयी थी आरोप कलमसिंह पिता केशु अलावा निवासी ग्राम कालीदेवी थाना टांडा पर चोरी, लूट, डकेती के कई अपराध पंजीबद्ध हैं तथा आरोपी पूर्व के कई अपराधों में फरार चल रहा था व आरोपी के 04 स्थाई वारंट भी जारी हैं । गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पेश कर पीआर लिया जा रहा हैं । उक्त घटना के आरोपियों को पकडने में उनि निहालसिंह दंडोतिया, उनि कीर्तनसिंह नायक, सउनि सुनील राजपूत, प्रआर विपिन कटारा, आरक्षक दिलीप, आरक्षक अंकित, आरक्षक अमर चौधरी, आरक्षक अमित बामनिया, सेनिक रतन की सराहनीय भुमिका रही है । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

## जनजातीय छात्रवास विद्यार्थियों का एक दिवसीय मांडव भ्रमण

### जिले के सभी विकासखण्ड से 600 संख्या में युवा-युवती शामिल हुवे

**रणजीत टाइम्स**

**धार / मांडू । जनजाति विकास मंच जिला धार द्वारा जिले के जनजातीय छात्रवास के विधार्थियो का एक दिवसीय मांडव भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी विकासखण्ड से 600 संख्या में युवा-युवती शामिल रहीं हैं मांडव चतुर्भुज श्रीराम मंदिर में एकत्रित हुए मंदिर सभागृह में अतिथि द्वारा चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथि परिचय के पश्चात जिला अध्यक्ष श्री अरविंद डावर द्वारा जनजाति विकास मंच की भूमिका बताई गई। श्री राजेश जी डावर जनजाति विकास मंच रतलाम विभाग प्रमुख ने जनजाति समाज की संस्कृति,परम्परा एवं उसके वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया है।**

श्री कैलाश जी अमलियार प्रान्त जनजाति कार्य प्रमुख ने जनजाति महापुरुषों का योगदान एवं देश स्वतंत्रता के दौरान जनजाति समाज की भूमिका



तथा शिक्षा से समाज का विकास होगा सभी शिक्षित बने और एक अच्छा अधिकारी बनें जो समाज,देश के हितों में कार्य करें व मुल निवासी दिवस के बारे में युवाओं को बताया। मंच पर शासकीय अधिकारी कर्मचारी प्रमुख श्री लालसिंह जी मेड़ा रहें जिसके पश्चात भोजन कर जहाज महल दिखाया गया व नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर दर्शन किया गया। श्री रामप्रकाश जी मछार पुर्ण कालिक,श्री पुंजालाल जी ग्रेवाल जिला उपाध्यक्ष,श्री धनसिह जी सोलंकी,श्री चंद्रपाल जी ठाकुर विधि प्रमुख,श्री गिरधारी जी मंडलोई,छात्रवास प्रमुख श्री महेश जी चंदाना, सत्यनारायण जी मावी,प्रकाश जी सोलंकी, दिलीप मछार,नालछा ब्लाक अध्यक्ष श्री कैलाश जी मावी , सहित ब्लाक अध्यक्ष एवं अन्य नालछा ब्लांक से उपाध्यक्ष कैलाश जी कटारे, युवा प्रमुख अशोक जी राठौड़, मिडिया प्रभारी मनोज जी मेड़ा, योजना प्रमुख रवि जी परमार, पटेल तड़वी प्रमुख धनसिग जी डावर, कर्मचारी प्रमुख महेश जी कटारे, छात्रावास प्रमुख दिलीप जी चौहान, सह प्रमुख धर्मेंद्र जी दांगी आदी ब्लॉक के कार्यकर्ता शामिल रहें। उक्त जानकारी जिला सह मिडिया प्रमुख श्री दिनेश जी डिंडोर ने दी।

## त्रिस्तुतिक ओसवाल श्री संघ राजगढ़ की नई कार्यकारिणी का गठन ,राजावत बने अध्यक्ष

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ । राजेंद्र भवन राजगढ़ में त्रिस्तुतिक ओसवाल श्री संघ के युवाओं की बैठक संपन्न हुई जिसमें राकेश राजावत को सर्वसम्मति से श्री त्रिस्तुतिक ओसवाल श्री सघं राजगढ़ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष



पद पर राकेश हरण एवं सोनू भंडारी ,उपाध्यक्ष दिनेश चतर एवं सुनील चतर,कोषाध्यक्ष कमलेश चतर एवं धर्मेंद्र भंडारी ,महामंत्री विशाल पावेचा एवं मनीष सेठ राणापुरवाला,संगठन मंत्री राजेंद्र बाफना एवं धर्मेंद्र बाफना ,मीडिया प्रभारी अक्षय भंडारी एवं अजय राजावत ,विशेष आमंत्रित सदस्य पारस केमिस्ट ,सनी भंडारी ,पुखराज मेहता ,तेज कुमार खजांची ,विजय बाफना ,प्रकाश कोठारी (काका),सुनील संचेती ,जयंतीलाल मोदी ,सुरेश मालवी,प्रवीण खिमेसरा,राजेंद्र भंडारी तथा मुख्य परामर्शदाता के रूप में सुरेश तांतेड,अशोक भंडारी ,प्रदीप रायली,आजाद भंडारी एवं दीपक जैन (पत्रकार )को मनोनीत किया गया है । बैठक में सर्व सहमति से समाज हित में कई निर्णय लिए गए जिसमें विशेष रूप से समाज की धरोहर श्री यतींद्र भवन में यतींद्र सुरिश्वरजी महाराज साहब का फोटो लगाने पर सहमति प्राप्त हुई तथा ओसवाल हवेली पर ऊपर सेट लगाने के लिए समाज में चर्चा करके ओसवाल हवेली का काम व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया ।अंत में आभार आजाद भंडारी ने व्यक्त किया व निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देकर स्वागत किया ।

# सरदारपुर मे नर्मदा योजना से वंचित ग्रामो के लिए नई योजना बनाकर लाभ प्रदान करे - विधायक प्रताप ग्रेवाल

रणजीत टाइम्स



सरदारपुर । सरदारपुर सिविल अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम मे विधायक प्रताप ग्रेवाल ने शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 16 जनवरी 2020 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा कैबिनेट बैठक मे सरदारपुर के 30 बिस्तरीय अस्पताल की 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मे उन्नयन की स्वीकृती प्रदान की गई थीं। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सरदारपुर विधानसभा मे विभीन्न विकास कार्यों की मांग का पत्र सौंपा जिसमे सरदारपुर विधानसभा मे सिचाई से वंचित ग्रामो मे नर्मदा का जल प्रदान करने के लिए नई योजना बनाने, सरदारपुर एवं राजगढ नगर परिषद् मे आदर्श सडक, सामुदायिक भवन, पुल पर स्ट्रीट लाईट, माही नदी पर चेंजिंग रूम की मांग रखी। साथ ही नवीन सिविल अस्पताल सरदारपुर मे सीटी स्कैन मशीन, पीएम रूम, मर्चुरी रूम की सौगात प्रदान करने का भी मांग पत्र सौंपा।

## जीरापुर तहसील अध्यक्ष पद पर कु. संदीप सिंह बांगपुरा नियुक्त

रणजीत टाइम्स



जीरापुर । देश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश के प्रमुख ठा. जीवन सिंह जी शेरपुर की अनुशंसा से एवं राजगढ जिला अध्यक्ष कु.मयंक प्रताप सिंह मुवालिया की सहमति से विगत वर्षों के सामाजिक कार्य को देखते हुए कु.संदीप सिंह बांगपुरा को जीरापुर इकाई तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया जाता गया। उनकी नियुक्ति पर राजपूत समाज सहित ईस्ट मित्रों ने बधाई दी।

# सरकार के तिरंगा अभियान को सेंट अर्नाल्ड स्कूल के बच्चों ने किया सार्थक



रणजीत टाइम्स

मेघनगर । कलेक्टर श्रीमति नेहा मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती रितिका पाटीदार के निर्देशन में " हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता "स्वतंत्रता का उत्सव ,स्वच्छता के संग" अभियान के द्वितीय चरण संत अर्नाल्ड स्कूल मेघनगर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्कूल के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश भक्ति से पूर्ण कविता,गीत प्रस्तुत किए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस डी एम रितिका पाटीदार एवं सीएमओ राहुल सिंह वर्मा ने बच्चों को राष्ट्रीय पर्व,और पर्व पर तिरंगा फहराने के बारे समझाते हुए हर घर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम मे अतिथियों का स्वागत सहायक प्राचार्य सिस्टर दीपा ने किया मानव श्रृंखला का निर्माण बसिल कटारा एवं रोहित गणावा सर द्वारा करवाया गया देश भक्ति गीत और कविता रेशमा जेम्स,तथा दीपक गणावा के निर्देशन में किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नेहा मेहता द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन मैनेजर फादर श्री कजेतन डिमेलो द्वारा किया गया ।तथा उक्त मानव श्रृंखला के दौरान स्वच्छता निरीक्षक सोहन रावत एवं सहायक लेखा प्रवीण ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## सोलर पार्क से बिजली निकासी के लिए एम.पी. ट्रांसको के इंजीनियर हितेश तिवारी ने तैयार किया आप्टिमल ट्रांसमिशन नेटवर्क डिज़ाइन

### प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स स्प्रिंगर में प्रकाशित हुआ शोध पत्र

जबलपुर। मध्य प्रदेश के ग्रिड में रिन्यूअल एनर्जी के बढ़ते एकीकरण के बीच, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के जबलपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता हितेश तिवारी ने उच्च क्षमता के सोलर पार्क (550 मेगावाट) से बिजली निकासी हेतु तकनीकी एवं आर्थिक दृष्टि से श्रेष्ठ पारेषण प्रणाली का डिजाइन तैयार किया है। यह शोधपत्र बनाने का कार्य इंजीनियर हितेश कुमार तिवारी द्वारा प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार चौहान और प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में किया गया है। इस शोधपत्र का प्रकाशन इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स स्प्रिंजर (जर्मनी) में हुआ है जो कि विश्व के अग्रणी प्रकाशनों में से एक है। शोधपत्र में ट्रांसमिशन नेटवर्क के संचालन में आर्थिक लाभ, विश्वसनीयता और एन-1 आकस्मिकता विश्लेषण को आधार बनाया तथा प्रस्तावित पारेषण प्रणाली की डिजाइन ग्रिड कोड, नियामक प्रावधानों और बड़े पैमाने पर रिन्यूअल एनर्जी निकासी मानकों के अनुरूप है। इसके अलावा शोध में लागत-आधारित उद्देश्य फ़ंक्शन भी विकसित किया गया, जो ट्रांसमिशन नेटवर्क के निर्माण व संचालन की कुल लागत को न्यूनतम करने पर केंद्रित है। पावर सिस्टम सिमुलेशन के परिणाम दर्शाते हैं कि यह डिजाइन न केवल लागत प्रभावी है, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी पूरी तरह व्यवहारिक है और आपात परिस्थितियों में भी ग्रिड की स्थिरता बनाए रखता है।



# परोलिया हाई स्कूल में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों को विधायक ने की साइकिल वितरण

### गांव की समस्याओं को लेकर शिक्षक ने रखी विधायक से मांग

रणजीत टाइम्स



जीरापुर । जीरापुर समीपवर्ती ग्राम परोलिया में मध्य प्रदेश सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सरपंच इंदर सिंह पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अभी अतिथियों का सम्मान मैं स्वागत भाषण प्रिंसिपल जितेंद्र ने दिया। इस दौरान कक्षा 6 और 9 के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गईं। विधायक हजारीलाल दांगी ने कार्यक्रम में बताया कि यह योजना सरकारी स्कूलों के उन विद्यार्थियों के लिए है, जिनके गांव में हाई स्कूल नहीं है। साथ ही जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी से स्कूल आते हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलता हैं। विधायक ने कहा कि पहले बालक बालिकाएं साधन की कमी के कारण उच्च शिक्षा नहीं ले पाती थीं। भाजपा सरकार ने बालक बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह योजना शुरू की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह कदम बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

शिक्षक कमल सिंह पवार ने विधायक हजारीलाल दांगी से हाई स्कूल बाउंड्री वॉल ,साइकिल स्टैंड, गांव के बीच निकले नाले की पुलिया निर्माण,शमशान घाट रास्ते पर सीसी रोड की मांग रखी। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया। संचालन राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी ने किया वहि आभार कमलेश भावसार ने माना । कार्यक्रम में मुख्य रुप से मंडल अध्यक्ष लखन सिंह तोमर, मंडल महामंत्री रमेश चंद शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार ,जन शिक्षा केंद्र प्रभारी गजेंद्र शर्मा ,जन शिक्षक कमलेश पाटीदार, फाउंडेशन कोर्स प्रभारी बालचंद कारपेंटर, शिक्षक सुरेंद्र , बृजेश शर्मा, स्कूल के समस्त स्टाफ सहित ग्रामीणजन व बालक बालिकाए उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर मोकडी मे रक्षा सूत्र कार्यक्रम संपन्न

रंजीत टाइम्स



खाचरोद। ग्राम मोकड़ी में विद्या भारती मालवा प्रांत द्वारा मार्गदर्शित उज्जैन जिला ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला उज्जैन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, मोकडी मैं कक्षा पंचम से कक्षा अष्टम तक के भैया बहनों द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई l जिसमें भैया बहनों ने पुराने कागज का उपयोग करके स्वयं अपने हाथों से राखी निर्मित की गई l राखी बनाओ उत्सव प्रमुख दीदी सुमित्रा राव ,दीदी अंगुरबाला, गोवरिया, दीदी बृजबाला परिहार, आचार्य ओमप्रकाश सागित्रा,व प्रधानाचार्य गणेश कावरिया ने भैया बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी ।

# इंदौर की पहचान बना-श्री हनुमंत ध्वज पथक ने लंदन में बजाया भारत का डंका

रंजीत टाइम्स



इंदौर ।

इंदौर के मशहूर श्री हनुमंत ध्वज पथक ने लंदन में भारत का नाम रोशन किया है। यह पल न सिर्फ इंदौर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का है। इस पथक की शुरुआत और नेतृत्व श्री शशांक सुरोशे ने किया। उनकी मेहनत, लगन और सोच के कारण यह समूह एक साधारण टोली से उठकर आज अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है।

## केदारनाथ में किया ऐतिहासिक प्रदर्शन

कुछ समय पहले इस पथक ने केदारनाथ यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ विशेष प्रदर्शन किया था। कठिन पहाड़ी रास्तों में भी टीम ने जोश और श्रद्धा के साथ वादन किया। इस अनोखे आयोजन को लंदन बुक ऑफ़ रिकाड्र्स में दर्ज किया गया। यह इस बात का सबूत है कि भारतीय संस्कृति और भक्ति की ताकत पूरी दुनिया में अपना असर छोड़ सकती है।

## इंदौर से लंदन तक का सफर

श्री हनुमंत ध्वज पथक की पहचान सिर्फ उनके संगीत में नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और देशभक्ति में भी है। अब यह पथक इंदौर की गलियों से निकलकर लंदन की सड़कों पर भी अपनी गूंज फैलाएगा। इंदौर के लोगों के लिए यह गर्व का पल है। श्री शशांक सुरोशे और उनकी पूरी टीम को इस बड़ी उपलब्धि के लिए ढेरों बधाइयाँ। उम्मीद है कि आगे भी यह पथक देश का नाम और ऊँचा करेगा।

# मनोकामेश्वर महादेव निकले शहर भ्रमण पर, निकाला शिव डोला नागरिकों ने किया गर्म जोशी से स्वागत, विधायक बर्डे भी रहे शामिल



रंजीत टाइम्स

खेतिया 1 खेतिया सेंधवा राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर से भगवान मनोकामेश्वर महादेव की पालकी आज शिव डोले के रूप में शहर भ्रमण को निकली, इस दौरान शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकले शिव डोले में भारी भीड़ दिखाई दे रही थी विभिन्न स्थानों पर शहर के नागरिकों ने स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को अल्पाहार करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे भी आम लोगों के साथ ढोल की धुन पर थिरकते रहे,भक्त मण्डल की महिलाओं ने गरबा नृत्य किया वही शिव डोले में आकर्षण का केंद्र बना हिंद सेना डमरू झांझर ग्रुप अंजड़ का डमरू समूह जिसमें बहुत ही शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर किया वहीं इसी दौरान रामायण प्रसंग की श्री राम सेतु की झांकी लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी शिव डोले को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही तैयारों के बाद आज भारी जन सैलाब के साथ शिव डोला खेतिया शहर के मुख्य मार्ग से होकर वापस मनोकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा जहां महाआरती के साथ प्रसादी वितरण के साथ शिव डोले का समापन हुआ। खेतिया पुलिस टीम इस दौरान यातायात व व्यवस्था बनाते सक्रिय रही। मनोकामेश्वर भक्त मंडल ने खेतिया शहर के नागरिकों से मिले प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए शिव डोले की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद किया है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स